आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.03.2025 समय : 1850

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार बन गया है।

- द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर द्वीपसमूह के लिए बजट आवंटन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय दिशा–निर्देश जारी किए।

- वार्षिक स्टॉक वैरीफिकेशन के कारण द्वीपसमूह के सभी सागरिका एम्पोरियम एक से छः अप्रैल तक बंद रहेंगे।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आज विश्व में दूसरा सबसे बड़ा 5जी का बाजार बन चुका है। नई दिल्ली में आज एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार द्वारा ध्यान दिये जाने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी परिवर्तन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लगभग ग्यारह लाख करोड़ के निवेश हो रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेज और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि समूचा दक्षिण और समृद्ध देश भारत की यू पी आई भुगतान प्रणाली अपनाने को इच्छुक दिख रहे हैं। श्री वैष्णव ने इस वर्ष भारत की पहली मेड इन इंडिया चिप जारी करने की भी घोषणा की।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर द्वीपसमूह के लिए बजट आवंटन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान, सांसद ने द्वीपसमूह के सामने आने वाली वित्तीय समस्याओं पर प्रकाश डाला और वित्त मंत्री से अण्डमान निकोबार द्वीप के पिछड़ेपन और भौगोलिक दूरदराज के क्षेत्र को देखते हुए विशेष अनुदान के माध्यम से पूंजीगत व्यय के लिए बजट बढ़ाने का आग्रह किया। चर्चा के दौरान, सांसद ने द्वीपों के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। सांसद ने कहा कि वित्तमंत्री ने इन मुद्दों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

<><><><><><><>

केंद्र ने राज्यों को विमानन टर्बाइन ईंधन पर वैट को कम करने के लिए पत्र लिखा है, ताकि देश में एयर टिकट की कीमतों को नियंत्रित किया जा सके। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान एयर टिकट की कीमत पर उत्तर देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि पैंतालीस प्रतिशत एयर फेयर की कीमत **ATF** के कारण होती है और कुछ राज्य इस ईंधन पर उनतीस प्रतिशत वैट लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एयर फेयर गतिशील होता है और यह मांग पर आधारित होता है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त नन्दिनी महाराज ने बताया कि आने वाले माह में और अगले तीन साल स्थानीय लोगों को पानी की कमी न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से कई परियोजनाएं तैयार की गई है।

<><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में आयोजित कार्यशाला में मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय दिशा–निर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मेडिकल ऑक्सीजन के बुनियादी ढांचे को ठीक से बनाए रखने और उसका उपयोग करने की भूमिका पर जोर दिया। मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय दिशा–निर्देश जारी करना देश के मेडिकल ऑक्सीजन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वास्थ्य सुविधाओं में ऑक्सीजन प्रबंधन में एक समान सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह व्यापक दिशा–निर्देश रोगी सुरक्षा, क्षमता निर्माण और आपातकालीन तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मेडिकल ऑक्सीजन की कुशल खरीद, भंडारण और प्रशासन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं। इसका उद्देश्य देश भर में लगभग दो सौ विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करना है।

<><><><><><>

आज विश्व रंगमंच दिवस है। यह दिवस हर वर्ष सत्ताईस मार्च को कलाकारों और सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा मानवीय अभिव्यक्ति में इसकी भूमिका के सम्मान में मनाया जाता है। इस साल का विषय है–"रंगमंच और शांति की संस्कृति"। द्वीपसमूह के जाने–माने थिएटर आर्टिस्ट नरेश चन्द्र लाल ने कहा कि रंगमंच के माध्यम से लोगों को एक–दूसरे की भावनाओं से जोड़ा जा सकता है।

<><><><><><>

वार्षिक स्टॉक वैरीफिकेशन के कारण सागरिका एम्पोरियम एक से छः अप्रैल तक बंद रहेगा। इसके अलावा मिडिल प्वाइंट, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सेल्यूलर जेल और स्वराज द्वीप स्थित सागरिका के सभी आउटलेट भी बंद रहेंगे।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम का कला और संस्कृति विभाग, नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से, एक से दस अप्रैल तक दस दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन करने जा रहा है। मेले के दौरान फूड स्टॉल के आवंटन के लिए इच्छुक उद्यमियों, फर्मों, व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र में निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार लॉटरी सिस्टम पर चयनित आवेदकों को स्टॉल आवंटित किए जाएंगे। आवंटन के लिए केवल पांच फूड स्टॉल उपलब्ध हैं। स्टॉलों के आवंटन के लिए निर्धारित किराया और सुरक्षा जमा के साथ आवेदन पत्र उनतीस मार्च दोपहर तीन बजे तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के नियोजन अनुभाग में जमा किए जा सकते हैं। स्टॉलों का आवंटन तीस मार्च को बारह बजे किया जाएगा और आवंटन पत्र शाम पांच बजे तक प्रदान किए जाएंगे। आईटीएफ मैदान में होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य लोगों और खासकर द्वीपों के छात्रों के बीच पढ़ने के प्रति रूचि को बढ़ावा देना है। पुस्तक मेला सुबह ग्यारह से रात नौ बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन छः अप्रैल, डेरीफार्म स्थित शतरंज केंद्र, में राज्य अंडर–07 शतरंज चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। चैंपियनशिप में दो लड़कों और दो लड़कियों का चयन किया जाएगा, जो चार से आठ जून तक ओडिशा में आयोजित होने वाली अड़तीसवीं राष्ट्रीय अंडर–07 शतरंज चैंपियनशिप द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक जनवरी, दो हजार अट्ठारह को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी चैंपियनशिप में भाग लेने के पात्र हैं। उनका वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए ए आई सी एफ पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी चार अप्रैल तक एसोसिएशन के कार्यालय में सुबह दस से शाम पांच बजे के बीच अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>